# शैक्षिक अधिवेशन में 5 हजार से अधिक प्राध्यापक हुए शामिल

गंगापुर सिटी, (निसं)। रेसला के राज्य स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन बिडला ऑडिटोरियम जयपुर में शुरू हुआ। शैक्षिक अधिवेशन में जिला गंगापुर सिटी से लगभग 11० व्याख्याताओं ने भाग लेने पहुंचे जिसमें चारों ब्लॉक गंगापुर सिटी, टोडाभीम, नादौती एवं बामनवास से व्याख्याताओं ने भरी संख्या में भाग लिया।

अधिवेशन के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत एवं अध्यक्षता शिक्षा मंत्री के ओएसडी वी. के गुप्ता द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी लाल गोदारा और प्रदेश महामंत्री डॉक्टर अशोक जाट रहे। जिला अध्यक्ष गंगापुर सिटी रूपसिंह मीना ने बताया कि राज्य स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन में राजस्थान के प्रत्येक जिले के लगभग पांच हजार व्याख्याता पहुंचे। शैक्षिक अधिवेशन के मुख्य अतिथि अविनाश गहलोत ने संगठन की भूरि भूरि प्रशंसा की और प्रदेश महामंत्री अशोक जाट एवं प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी गोदारा द्वारा संगठन की जो मांगे मंत्री गहलोत के सामने और सरकार के सामने रखी गई। उन पर राज्य सरकार की ओर से राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में मानते हुए अविनाश गहलोत ने रेसला की एक-एक मांग को पूरा करने का दृश्य संकल्प लिया। और संगठन को आश्वस्त किया कि आपकी एक-एक मांग को चाहे वह उप प्राचार्य की 22-23 और 23-24 की बकाया डीपीसी हो चाहे प्रधानाचार्य की बकाया डीसी का मामला हो चाहे जो मुख्य मांग रही वेतन कटौती संबंधी मांग हो सभी मांगों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री के सामने में कल ही स्वयं रखूंगा और पूरे सदन को आश्वासन दिया कि आपकी सभी मांगे शीघ्र ही पूरी की जाएगी जिस पर सभागार में उपस्थित सभी रेसला के सदस्यों ने खडे होकर जोरदार नारेबाजी की एवं जोरदार तालियों से अभिवादन किया। साथ ही मंत्री द्वारा सभी व्याख्याता साथियों से यह आश्वासन भी लिया कि आप राज्य के एवं देश के विकास के कर्ण धार हो आप ही वह हीरे हो जो नन्हे मुन्हें बालकों को तरासकर उनके भविष्य को सुनहरा आपके बिना यह राजस्थान विकसित राजस्थान की कल्पना नहीं कर सकता उसमें आपकी भागीदारी अति आवश्यक है।

महत्वपूर्ण और हमेशा शिक्षकों के प्रति जो उनका लगाव है उसे पर भी सदन में मंत्री ने प्रकाश डाला और 17 जनवरी को ही लगभग 5100 से प्रधानाचार्य की हुई डीपीसी पर प्रधानाचार्य को भी मंच से बधाई प्रेषित की जिस पर सदन में जोरदार तालियां बजाई। बीके गुप्ता द्वारा सरकार से अपील की गई की व्याख्याता की इन मांगों जल्द से जल्द पूरा करना चाहिए यदि नहीं किया गया तो व्याख्याता संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होगा जो कि सरकार के लिए अच्छा नहीं होगा। जिला अध्यक्ष रूपसिंह मीना द्वारा बताया गया कि अधिवेशन में मुख्य मांगे 22ङ्क्त 23 एवं 23ङ्क्त 24 की उप प्रधानाचार्य डीसी ,लंबित वेतन कटौती एवं गैर शैक्षिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगे की मांग पर जोर दिया और प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से ये मांगे रखी। मुख्य अतिथि द्वारा जिलों के जिला अध्यक्षों को सम्मानित किया गया और जिला अध्यक्षों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया उनकी मेहनत के लिए और शिक्षा के प्रति उनकी सकारात्मक सोच के लिए। रूपसिंह मीना जिला गंगापुर सिटी से अधिवेशन में भाग लेने सभी रेसलियन सदस्यों का आभार प्रकट किया और अपील की कि जब भी भविष्य में संगठन को आपकी जरूरत पडे जिला गंगापुर सिटी सबसे आगे रहेगा।

■ रेसला के शैक्षिक सम्मेलन में शिक्षको ने रखी मांग, मंत्री ने दिए सकारात्मक आश्वासन


रेसला के शैक्षिक अधिवेशन में भाग लेने जाते सदस्य।

## सार-समाचार

### स्वयं सेवकों ने किया श्रमदान



गंगापुर सिटी, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों इकाइयों द्वारा एक महत्वपूर्ण सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ संकाय सदस्य कैलाश बैरवा और मुख्य वक्ता गोपाल मीना ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता गोपाल मीना ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संगठन राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे समाज की समस्याओं को समझें और अपनी क्षमताओं का उपयोग कर सकारात्मक बदलाव लाएं। कार्यक्रम में धर्मराज मीना ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह व्यक्ति को सभ्य बनाने और उसके व्यक्तित्व को निखारने में मदद करती है। कार्यक्रम अधिकारी रामनरेश मीना ने एनएसएस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह युवाओं में सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया, जिससे स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में चन्द्रशेखर मीना, तेजराम मीना सहित स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाएं और महाविद्यालय के संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### अनुपस्थित अधिकारियों को चार्जशीट

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 7 दिन मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान उपवन संरक्षक, सिचाई विभाग के अधिशाषी अभियन्ता एवं अनुपस्थित अन्य अधिकारियों को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट देने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर गुरूवार को कलेक्टेट स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में आयोजित जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना को शीघ्रता से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटवाने, ठााम पंचायत कैमरी मे साफ सफाई करवाने,ठााम पंचायत बनवाने,रास्ता दिलवाने,पेंशन दिलवाने,साफ-सफाई करवाने सहित पुलिस,राजस्व,नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों के लगभग 35 प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करते हुए अधिकारीयों को निर्देश दिये। इस दौरान सर्तकता समिति में दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की गई एवं प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

### एक ही बैंक में तैनात हैं सुरक्षा गार्ड

सूरौठ, (निसं)। तहसील मुख्यालय पर तीन सरकारी बैंक स्थित है, जिसमें एक बैंक में तो बैंक खुलने तक सुरक्षा गार्ड रहता है तथा दो बैंकों में सुरक्षा गार्ड नहीं होने से आए दिन हो रही बैंकों में लूटपाट से लोगों में डर का माहौल है ,कस्बे में स्टेट बैंक एसबीआई मैनेजर राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक में बैंक खोलने के समय से सुरक्षा गार्ड मय हथियार के मेंन गेट पर तैनात रहता है तथा स्टेशन रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक में सुरक्षा गार्ड नहीं है बैंक मैनेजर मुनेश चन्द्र मीणा ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक शाखा सूरौठ में सुरक्षा गार्ड नहीं है उच्च अधिकारियों द्वारा ही सुरक्षा गार्ड लगाया जाता है तथा आबादी स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा मैनेजर नितेश शर्मा ने बताया कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा सूरौठ में भी सुरक्षा गार्ड नहीं है लेकिन चैनल गेट के छोटे गेट कों लगाकर हमेशा रहते हैं बैंक मैनेजर ने कहा कि उच्च अधिकारियों द्वारा बैंक में सुरक्षा गार्ड लगाए जाते हैं तीनों बैंकों में रोजाना करोड़ों रुपए का लेनदेन होता है लेकिन एक बैंक में सुरक्षा गार्ड मौजूद रहता है दो बैंकों में सुरक्षा गार्ड नहीं रहता है।

### शिक्षकों ने सम्मेलन में लिया भाग

करौली, (निसं)। राजस्थान समठा शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन पीएम फतेह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुर में चुन्नीलाल गरासिया राज्यसभा सांसद एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष उदय सिंह डिंगार कि अध्यक्षता में मां शारदे के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करने के साथ शुभारंभ हुआ। करौली के जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार ने संविदा कर्मचारियों को स्थाई करने के साथ कार्मिकों कि एनपीएस कि राशि को जीपीएफ में हस्तांतरित करने एवं संगठन के मांग पत्र में सम्मिलित सभी मांगों को राज्य सरकार से पूरी करने के लिए कहा। और उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों कि शिक्षण विधाओं में अंधविश्वास को कतई शामिल नहीं किया जाए क्योंकि इससे मनुष्य का जीवन कमजोर होकर शुन्य हो जाता है उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर शिक्षा ग्रहण करने पर बोल दिया। करौली जिले से शिक्षकों ने जिला अध्यक्ष गोरेहार के नेतृत्व में लिया भाग करौली जिले से जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश ओड़च, उपशाखा सपोटरा के अध्यक्ष हंसराज एकट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदकिशोर महावर, राजेंद्र प्रसाद जंगम इत्यादि के साथ कई शिक्षकों ने भाग लिया।

# वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज यूनियन का अधिवेशन संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉइज यूनियन का 22 वाँ वार्षिक अधिवेशन डब्ल्यूसीआरईयू वैगन रिपेयर वर्कशॉप के बाहरी प्रांगण में धुमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ शनिवार को कोटा में आयोजित किया गया। यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन के कैडर ने साबित कर दिया कि वह बिना सुविधा के एकजुट होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन का 22वें वार्षिक अधिवेशन में हजारो की संख्या रेल कर्मचारियो ने भाग लेकर एकजुटता का परिय दिया।

इस जोनल स्तरी अधिवेशन में जबलपुर, भोपाल व कोटा मंडल हजारों रेलकर्मचारियों ने अपना योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र जैन ने बताया कि प्रात: विशाल रैली मंडल यूनियन कार्यालय से प्रारंभ होकर भीमगंजमंडी स्टेशन बजरिया होते हुये अण्डर ब्रिज से डब्ल्यूसीआरईयू वैगन रिपेयर शॉप शाखा के प्रागंण में आम सभा में तब्दील हुई। इसके पश्चात 22वें वार्षिक अधिवेशन का उदघाटन ऑल इण्डिया रेलवेमैन्स फैडरेशन के महामंत्री कॉमरेड शिवगोपाल मिश्रा के संबोधन के साथ हुआ। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि ऑल इण्डिया रेलवेमैन्स फैडरेशन ने 8वें वेतन आयोग की मांग जगन्नाथ पूरी ईस्ट कोस्ट रेलवे में आयोजित अधिवेशन मे रखी थी जिसको आज भारत सरकार ने अमली जामा पहनाते हुये 8वें वेतन आयोग देने की घोषणा की। महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने कहा कि ऑल इण्डिया रेलवेमैन्स फैडरेशन ०1 जनवरी 2०26 से इसको पूर्णतया लागू करवाने में अपने पूरे प्रयास कर रहा है। साथ ही रेलकर्मचारियों का कैडर रिस्ट्रक्चरिंग भी शीघ्र ही लागू करवाने पर रेलवे प्रशासन पर दबाव बनाया जा रहा है। अधिवेशन को संबोधित करते हुये कहा कि पश्चिम मध्य रेलवे में डब्ल्यूसीआरईयू का कैडर सुविधाभोगी नहीं है हर संघर्ष में लाल झंडे के साथ है। आज की रैली और अधिवेशन में उन्होने यह साबित कर दिया कि लाल झंडे को हम कभी भी नहीं झुकने देगें और उत्साह, उमंग एवं जीजीविषा के साथ संघर्ष करते हुये अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगें। इस वार्षिक अधिवेशन में महामंत्री मुकेश गालव ने जोन की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुये यूनियन के कैडर का धन्यवाद दिया और कहा कि डब्ल्यूसीआरईयू का कैडर अपनी खुद की छुट्टी व पास लेकर इस अधिवेशन में भाग लेकर इसे सफल बनाया। आने वाले समय में यूनियन के लिये यह मील का पत्थर साबित होगा। यूनियन के जोनल कोषाध्यक्ष इरशाद खान ने वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया जिसको रेलकर्मचारियों ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। अधिवेशन को एआईआरएफ की जोनल सेक्रेट्री चम्पा वर्मा ने कहा कि डब्ल्यूसीआरईयू स्वतंत्र स्वावलम्बी प्रजातांत्रिक मजदूर आन्दोलन में विश्वास करती है। उन्होने इस ऐतिहासिक अधिवेशन में भाग लेने वाले रेलकर्मचारियों को यूनियन के इतिहास एवं उपलब्धियों के बारे में बताया।


अधिवेशन को संबोधित करते ऑल इण्डिया रेलवेमैन्स फैडरेशन के महामंत्री कॉमरेड शिवगोपाल मिश्रा।

## वीणा मैमोरियल कॉलेज ने नैक मूल्यांकन में प्राप्त की बी ग्रेड

करौली, (निसं)। स्थानीय वीणा मैमारियल पीजी कॉलेज ने अभी हाल हुये राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक मूल्यांकन उपरान्त परिणम में सीजीपी 2.43 के साथ बी ठोड प्राप्त कि है।

संस्था सचिव विजय सिंह ने बताया कि मूल्यांकन समिति में डॉ. अमित कॉट्स अध्यक्ष, डीन एवं प्रोफेसर गुरूनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर पंजाब,डॉ. त्रिपुरा सुन्दरी मेम्बर कोर्डिनेटर प्रोफेसर, पदमावती महिला विश्वविद्यालय तिरूपति, आन्ध्रप्रदेश तथा डॉ. आलोक कुमार सदस्य प्राचार्य चिन्मया डिठी कॉलेज, हरिद्वार ,उत्तराखंड शामिल रहे। दो दिवसीय निरीक्षण के दौरान टीम ने नैक द्वारा निर्धारित क्राइटेरिया अनुसार महाविद्यालय की शैक्षिणक व आधारभूत सुविधाओं की गहनता से जाँच की। जाँच के दौरान टीम ने महाविद्यालय को प्रत्येक स्तर पर गुणवत्ता की दृष्टि से श्रेष्ठ पाया एवं महाविद्यालय प्रबंधन व समस्त स्टॉफ के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं गुणवत्ता को और अधिक उत्तम बनाने हेतु सुझाव दिये तथा महाविद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। यह महाविद्यालय करौली जिला मुख्यालय पर नैक से श्रेष्ठता कि ग्रेड लेने वाला प्रथम महाविद्यालय बन गया है। महाविद्यालय द्वारा नैक मूल्यांकन में ठोड बी प्राप्त करने पर संस्था संरक्षक अजयसिंह द्वारा महाविद्यालय प्रबंधन एवं स्टॉफ को शुभकामनाएं दी।

## सार-समाचार

### लाभार्थियों को पट्टा वितरित किए

करौली, (निसं)। गृह, गोपालन, मत्सय एवं डेयरी, पशुपालन विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार आमजन, गरीब, किसान, युवा, महिलाओं सहित अन्य वर्गों के हित व अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। जिला प्रभारी मंत्री शनिवार को जिले के सूचना केन्द्र के टाउन हॉल में प्रधानमंत्री महोदय द्वारा वर्चुअल रूप से स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण कार्यक्रम में भाग लेकर लाभार्थियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। यह योजना ठाामीण क्षेत्रों में संपत्ति के अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण निवासियों को उनकी संपत्ति के कानूनी दस्तावेज प्रदान किए जाएंगे जिससे उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा मिलेगी।जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा विभिन्न योजनाओं संचालित कर आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है सरकार सभी वर्गों के साथ खडी है ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार आमजन को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान कर रही है केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आमजन की सूविधाओं में विस्तार करते हुए आर्थिक एवं सामाजिक रूप से मजबूती प्रदान की जा रही। मंत्री ने कहा कि सरकार के द्वारा पिछले एक वर्ष में सडक, चिकित्सा, शिक्षा, समाज कल्याण, सहित विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किये गये है। विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि पट्टा वितरण के तहत आमजन को अपनी सम्पति का वास्तिविक हक मिलेगा। सपोटरा विधायक हंसराज मीणा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के द्वारा स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण कर देश भर में पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी लाखन सिंह ने कहा कि स्वमित्व योजना के तहत जिले में आगामी समय में पट्टा वितरण कर आमजन को लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रभारी मंत्री ने कई लाभार्थियों को पट्टे व स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए जिन्होंने सरकार की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान दिंगबर,कल्याण, राजाराम,चरणसिंह, खुशीराम, गोपाल, दीवान, सियाराम,निरंजन,सतीश,रूमन्ती, भूरासिंह,भगवानसिंह,रामचरण, प्रभू, मूरारी, चंपु, भगवती, कटोरी, लच्छीराम और शिवराम को स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण कर योजना का लाभ दिया गया। जिला प्रभारी मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार ठाामीण विकास और नागरिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। और भविष्य में भी ऐसी योजनाओं को लागू करती रहेगी।

### पाराशर बने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

करौली, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के 64वे प्रदेश सम्मेलन के द्वितीय दिवस में आज महासमिति अधिवेशन के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ जिसमें कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पद पर रामनिवास पाराशर को निर्वाचित घोषित किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का अधिवेशन हनुमानगढ़ के नोहर में आयोजित हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में प्रदेश के शिक्षक उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि पाराशर पूर्व में प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर विगत तीन वर्ष से रह चुके हैं। इसके बाद पाराशर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शैक्षिक चिंतन,मंथन और अभिव्यक्ति के सजग,तत्पर,यथार्थ के प्रहरी बुद्धिजीवियों द्वारा,नौहर, हनुमानगढ़ की धरा के प्रांगण में प्रांतीय शैक्षिक महाधिवेशन के सफल आयोजन हेतु तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष वेगराज खोत,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गिरीश कुमार शर्मा,पूर्व प्रदेश मुख्य महामंत्री अभिमन्यु सिंह भदौरिया,स्थानीय आयोजन समिति,प्रदेश कार्य समिति,नवनिर्वाचित प्रदेश कार्य समिति एवं राजस्थान के कौने कौने से पधारे सभी शिक्षक साथियों को बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं अभिव्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश कार्य समिति में आपने मुझे जो जिम्मेदारी का पद दिया है उसको मैं अपनी नवनिर्वाचित कार्यसमिति के साथ मिलकर राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के विरासत के शानदार वैभव को ऊंचाइयों तक ले जाने में अपनी पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करूंगा।

### खोए व चोरी मोबाइलों को सुपुर्द किया

भरतपुर, (निस)। जीआरपी थाना पुलिस ने साइबर पुलिस की मदद से 40 ऐसे मोबाइलों को बरामद किया। जिन्हें चोरों के द्वारा भरतपुर रेलवे स्टेशन से लोगों से चोरी किया गया था या स्टेशन पर गुम हो गए थे। शनिवार को जीआरपी थाना इंचार्ज धर्म सिंह मीणा ने मोबाइल के मालिकों को जब उनके मोबाइल सुपुर्द किए तो अपने मोबाइल पाकर लोग काफी खुश नजर आए। इस बारे में जीआरपी थाना इंचार्ज धर्म सिंह मीणा ने बताया कि पिछले वर्ष एक जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर तक 2024 तक 127 मोबाइल चोरी व गुम होने की घटना दर्ज हुई थी। पीडितों की शिकायत पर साईबर पुलिस की मदद से 94 मोबाइल ट्रेस करने में सफलता प्राप्त की गई। जिनमें से 40 मोबाइलों को बरामद कर लिया गया है। जिस पर शनिवार को 39 लोगों को उनके खोए व चोरी मोबाइलों को सुपुर्द किया गया। इस मोके पर लोगों का कहना था कि उन्हें तो उम्मीद ही नहीं थी कि उनका चोरी मोबाइल उन्हें वापस मिल सकेगा। लेकिन पुलिस ने कार्यवाही कर मोबाइल बरामद करने में सफलता पाई और आज उन्हें उनके मोबाइल मिले। अपने मोबाइल पाकर व्यक्तियों ने खुशी जताते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया। फिलहाल पुलिस अन्य मोबाइल की बरामदगी को लेकर प्रयास कर रही है।

### शिविर में की कैदियों की जांच की

गंगापुर सिटी, (निसं)। 18 जनवरी। उपकारागृह में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जयपुर-भरतपुर रेंज की कारागार महानिरीक्षक मोनिका अग्रवाल के निर्देश पर गंगापुर सिटी सरकारी अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने जेल में बंदियों और स्टाफ के स्वास्थ्य की जांच की। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम में डॉ. राजबहादुर मीणा (चर्म रोग विशेषज्ञ), डॉ. रघुवीर शरण मीणा (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. नरेंद्र सिंह (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. राजेश मीणा (दंत रोग विशेषज्ञ) और डॉ. भरत गोयल शामिल थे। टीम ने सभी बंदियों और जेल कर्मियों के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों की भी जांच की। डॉक्टरों ने मरीजों को तुरंत दवाएं उपलब्ध कराईं और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# उद्योगों में उत्पादन होने वाले माल के निर्यात व जीएसटी की जानकारी दी

भरतपुर, (निसं)। शनिवार को होटल ऑम कॉम्पलेक्स में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास कार्यालय, जयपुर, जिला उद्योग केंद्र, भरतपुर, फोर्टी भरतपुर संभाग, ऑयल मिल एसोसिएशन भरतपुर,जिला व्यापार महासंघ, बृज उद्योग संघ भरतपुर, चौंबर ऑफ कॉमर्स, लघु उद्योग भारती, कैट भरतपुर, भरतपुर उद्योग व्यापार मंडल एवं विभिन्न टेक्नोलॉजी प्रोवाईडर के सहयोग से एठाो बेस्ड प्रोडक्ट सेक्टर में निर्यात एवं प्रोद्योगिकी के अवसर विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में सूक्ष्म, लद्यु और मध्यम उद्यम मन्त्रालय भारत सरकार के द्वारा उद्योगों में उत्पादन होने वाले माल के निर्यात और जीएसटी आदि की जानकारी दी गई। जिसमें भरतपुर और डीग जिले के उद्योगपति एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी तथा सरकारी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। सभी को उद्योगों में उत्पादन माल के निर्यात और जीएसटी के गुर सिखाए गये साथ ही उद्योग जगत में आने वाली समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया और नववर्ष 2025 की एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। एमएसएमई डीएफओं जयपुर के अतिरिक्त निदेशक जेके मीणा, डीआईसीसी भरतपुर के जनरल मैनेजर सीएम गुप्ता, फोर्टी भरतपुर के चेयरमैन अनुराग गर्ग, जिला व्यापार महासभा भरतपुर के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जोधपुर इण्ट. ऑफ एक्सपोर्ट के निदेशक राईस अहमद, एफएसएसएआई एक्सपर्ट जयपुर के आईपीआर डॉ रोहित जैन, उद्योगपति राहुल बंसल, उद्योगपति विष्णु गुप्ता, उद्योगपति नृपेश गुप्ता, उद्योगपति सुरेश बंसल, मोहन बंसल, सुनील मित्तल, सत्यभान सिंह, उद्योगपति देवेन्द्र चामड, दिवंगत केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट के रहे निजी सचिव व उद्योगपति विजय गुप्ता, गौरव जिन्दल, कृष्णमुरारी अठावाल, विनीत अठावाल, जय बंसल, संजय चौधरी, उद्योगपति रामकुमार, उद्योगपति विनीत सिंह, राजेन्द्र गुप्ता सेवर वाले आदि ने विचार प्रकट किए और उद्योगों में उत्पादन होने वाले माल के निर्यात करने की जानकारी दी। साथ ही जीएसटी की विस्तार से अवगत कराते हुए उद्योग जगत में आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। उद्योगपति अनुराग गर्ग ने आभार प्रकट कर कार्यक्रम का संचालन किया।

■ एग्रो बेस्ड प्रोडक्ट सेक्टर में निर्यात एवं प्रोद्योगिकी के अवसर विषय पर कार्यशाला


कार्यशाला में उद्योगों में उत्पादन होने वाले माल के निर्यात और जीएसटी आदि की जानकारी दी

## शैक्षिक सम्मेलन का समापन

भरतपुर, (निसं)। महाराजा सूरजमल शिक्षक संघ राजस्थान के 2 दिवसीय राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का समापन पूर्व उपनिदेशक महात्मा गाँधी विद्यालय संभाग भरतपुर प्रेम सिंह कुन्तल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता उपनिदेश महात्मा गाँधी विद्यालय संभाग भरतपुर दलवीर सिंह ने की। जिसमें विशिष्ट अतिथि विशाल सिंह अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय संयुक्त निदेश भरतपुर, डॉ प्रेम सिंह कुन्तल अध्यक्ष जिला जाट महासभा भरतपुर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय भरतपुर श्याम सिंह सागर, श्रीकान्त शर्मा सहायक निदेशक, नरेन्द्र जोशी सहायक निदेशक एवं प्रधानाचार्य यशवीर सिंह, कर्मवीर सिंह, शमशुद्धिन चिड्डा, हेमचन्द गोयल, पूरन सिंह मीणा, रामवीर सिंह देशवाल, मंजू गुप्ता, बबीता, रश्मि चौधरी, मंजू पवन, हरभान सिहं आदि उपस्थित रहे। शिक्षक संघ मंच के माध्यम से सरकार के समक्ष संगठन की विभिन्न मांगों को रखा। कार्यक्रम का संचालन सुरेश चन्द फौजदार शारीरिक शिक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हमवीर सिंह, तारा सिंह शारीरिक शिक्षक सोनवीर सिंह, सुरेश चौधरी, दिनेश सिनसिनवार, उदय सिंह इन्दौलिया, दौलत सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, अरूण, भावना, प्रमिला, राजकुमारी सहित हजारों की संख्या में अध्यापक उपस्थित रहे।

# आध्यात्म से जुड़कर होता है सत्य का ज्ञान : डॉ. गर्ग

भरतपुर, (निसं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शनिवार को प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 56वां पुण्य स्मृति दिवस श्रद्धा भाव के साथ पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के मुख्य अतिथ्य में मनाया गया। डॉ. गर्ग ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा को पुष्प अर्पित कर आध्यात्म से जुड कर सत्य के मार्ग पर चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम में डॉ. गर्ग ने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से विश्व परिवर्तन के कार्य को करने में अपनी महती भूमिका निभाई जो दिव्य कार्य की श्रेणी में आता है।

उन्होंने कहा कि सभी को अपना जीवन मानवता की सेवा में लगाना चाहिए। संतों, ऋषियों से प्रेरणा लेकर सत्य के मार्ग को अपनाना चाहिए। उन्होंने ब्रह्मा बाबा की शिक्षा का अनुसरण करने का आव्हान करते हुये कहा कि सांसारिक रूप में रहने पर गलतियां होती है लेकिन जब आध्यात्म से जुडते हैं तो सत्य का ज्ञान होता है और सांसारिक गलतियों में सुधार होना शुरु हो जाता है। कार्यक्रम में भरतपुर सेवा केन्द्र प्रभारी राजयोगिनी कविता बहिन ने कहा कि शान्ति स्थापना की विश्व में महती आवश्यकता है। आध्यात्म का जो बीज ब्रह्मा बाबा ने लगाया था वह अब पवित्रता की खुशबू फैलाते हुये वटवृक्ष बन गया है। रूपवास सेवा केन्द्र प्रभारी बविता बहिन ने कहा कि ब्रह्मा बाबा आध्यात्मिक क्रान्ति के अठादूत थे और जल्द ही कलयुगी संसार से सतयुगी संसार में परिवर्तन होने जा रहा है। इस मौके पर योगिता बहिन ने राजयोग का अभ्यास कराया। ब्रह्मकुमारी संस्कृति बहिन, गीता बहिन ने संस्था परिचय देते हुये दिव्य गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में टेक्नोलॉजी पार्क के निदेशक आलोक शर्मा, पूर्व मेयर शिवसिंह भौंट, प्रधान प्रतिनिधि सतीश सोगरवाल, डॉ अर्चना सिंह, डॉ योगेन्द्र सिंह, जुगल किशोर सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मा कुमारी प्रवीणा बहिन ने किया। इस मौके पर जयसिंह, मिठ्ठन, रनवीर, ओम शान्ति, अन्नू, राधा, प्रेम, किरण आदि सेवा भावी लोग मौजूद रहे।



प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 56वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया।